# क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश

**कार्यक्रम का नाम–** Maternal Health Training

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष (अनुलग्नक–2 के आधार पर) : **Training of Staff Nurses in SBA (DH)**

बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० संख्या (अनुलग्नक–2 के आधार पर) : **A.9.3.1.3**

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण :**

राज्य में गर्भवती माताओं के प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल तथा सुरक्षित प्रसव कराने एवं मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से ए0एन0एम0/एल0एच0भी0/स्टाफ नर्स ग्रेड–'ए' के दक्षता वृद्वि हेतु SBA (Skilled Birth Attendent) प्रशिक्षण दिया जाता है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशानुसार प्रशिक्षण जिला स्तर पर शत् प्रतिशत् गुणवत्ता के साथ किया जाना है। सर्वप्रथम जिलों में प्रसव केन्द्र पर पदस्थापित 'ए' ग्रेड नर्सो/ए0एन0एम0/एल0एच0वी0 को प्राथमिकता के आधार पर पहले चयन कर एस0बी0ए0 प्रशिक्षण दिया जाना है।

**इकाई राशि (रू० में)** : 86400/- प्रति बैच।

## वित्तीय दिशा निर्देश :

**'ए' ग्रेड नर्सो का प्रशिक्षण** – यह प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज अथवा जिला अस्पताल में पूरा किया जायेगा। पूर्व में इस प्रशिक्षण की अवधि 15 दिनों की थी परन्तु भारत सरकार के नये दिशा–निर्देशानुसार इस प्रशिक्षण की अवधि 21 दिनों की कर दी गई है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा। प्रशिक्षण के प्रति बैच में छः 'ए' ग्रेड नर्स प्रतिभागी होगीं एवं प्रति बैच प्रशिक्षण की राशि 86400/– है । इसकी मद्वार बजट विवरणी सुविधा हेतु संलग्न की जा रही है । **इस प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागीयों का चयन जिलों में प्रसव केन्द्र पर पदस्थापित अप्रशिक्षित 'ए' ग्रेड नर्सो को प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम चयन कर प्रशिक्षण दिया जाना है तत्पश्चात् अन्य जगह पर पदस्थापित नर्स ग्रेड–ए को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण प्राप्ति पश्चात् प्रशिक्षित नर्स को विशेष तौर पर लेबर रूप में पदस्थापित किया जाना है ताकि प्रशिक्षण के उद्वेश्य की प्राप्ति हो।** इस प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी/अपर मुख्य चि0पदा0/सिविल सर्जन अथवा सिविल सर्जन द्वारा नामित कोई भी चिकित्सा पदाधिकारी हो सकते है जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय प्रशिक्षण के सफल संचालन हेतु जवाबदेह होंगे। सभी कार्यक्रमो के लिए जिला स्तर पर एस0बी0ए0 प्रशिक्षण हेतु एक नोडल अधिकारी का चयन कर राज्य स्वास्थ्य समिति को इसकी सूचना दी जाए एवं जिला स्वास्थ्य समिति नामित पदाधिकारी के माध्यम से ही सभी प्रशिक्षणों को संचालित करेगी। नामित नोडल पदाधिकारी उपर्युक्त गतिविधियों के प्रस्ताव की संचिका जिला स्वास्थ्य समिति को उपस्थापित करेंगे, इसके आधार पर उन्हें अग्रिम राशि देय होगी और प्रशिक्षण आबाध गतिविधि से किया जा सकेगा । प्रशिक्षण समाप्ति पश्चात् प्रशिक्षुओं का डाटा/व्यय विवरणी प्रदान करने की जवाबदेही संबंधित नोडल पदाधिकारी की होगी एवं सम्बंधित नोडल पदाधिकारी डाटा/व्यय विवरण जिला स्वास्थ्य समिति को उपलब्ध करायेंगे। जिला स्वास्थ्य समिति ससमय मासिक प्रशिक्षण प्रतिवेदन एवं FMR में इसकी प्रवृष्टि कर राज्य को भेजेंगे।

इस प्रशिक्षण हेतु 04 मास्टर ट्रेंनर होंगे, जिसमें एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक शिशु रोग विशेषज्ञ तथा चिकित्सा पदाधिकारी, एवं कम से कम एक प्रशिक्षक सदर अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ नर्स या ए0एन0एम0 स्कूल की कोई अध्यापिका होगी ।

**इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो ( पत्र सं० तिथि के साथ उल्लेखित करें)**

**(क)** SHSB/Admin/130/2006/III/**22410 दिनांक 28.12.10**

**(ख)** SHSB/Admin/130/2006/III/**26095 दिनांक 11.05.11**

**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का नाम** : डा० जयती श्रीवास्तव, उपनिदेशक–प्रशिक्षण

**संबंधित कार्यक्रम अधिकारी/ सलाहकार का फोन नंबर** : 0612-3244041, 9470003019

SKumar Jayati

For All Medical Colleges / District Hospital of Bihar

Skilled Attendance at Birth Training (2012-13)

| | |
|---|---|
| Duration of the training - | 21 Days |
| Participants - | A Grade Nurses |
| Venue - | Medical College/Dist. Hosp. & Any other Centres |
| Batch Size - | 6 participants |
| Total No. of Batches in 2012-13 | 30 |
| Unit Cost / Batch | Rs. 86400/- Batch |

**Break up Budget**

| Sl. No. | Activity | ₹ | Unit Cost | Batch Size of 6 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Accomodation per Participant Cost(Dinner etc.) (Rate X No. of Participant X No. of days).(100x1x21) | ₹ | 2100 | 12600 |
| 2 | Honorarium to trainees (Rate X No. of Participants X No. of Days) (200x1x21) | ₹ | 4200 | 25200 |
| 3 | Contingency per Participant(Photo/Stationary/Mis. ) (Rate X No. of Participant X No. of days) (50x1x21) | ₹ | 1050 | 6300 |
| 4 | Per Participant(Breakfast/Lunch/Tea) (Rate X No. of Participant X No. of days) (150x1x21) | ₹ | 3150 | 18900 |
| 5 | T.A per Nurse Grade 'A' (Rate X No. of Participant) (400x1) | ₹ | 400 | 2400 |
| 6 | Honorarium to trainers (Rate X No. of trainer X No. of Days) (250x4x21) | ₹ | 5250 | 21000 |
| | **Total** | | ₹ | **86400** |

SKumar

Layati